तापमान
अधिकतम .30 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 8 फरवरी 2026

4
चंद्रपुर के खिलाड़ियों का असम में जलवा, जीते 10 मेडल





## खबर संक्षेप



### अवैध रेत परिवहन पर विभाग की कार्रवाई

**सारंगढ़।** सारंगढ़ तहसील के ग्राम मल्दा, दहिदा एवं जसपुर क्षेत्र अंतर्गत गौण खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 7 ट्रैक्टर पर कार्रवाई करते हुए कोसीर पुलिस को सौंप दिया गया है। सरिया तहसील के पिहरा क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 03 ट्रैक्टर पर कार्रवाई करते हुए थाना सरिया के सुरक्षार्थ में दिया गया। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 और खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई। अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगा।

### गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**सारंगढ़।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सारंगढ़ के वार्षिक स्नेह सम्मेलन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अतिथि के रूप में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़ ममता ठाकुर, सत्ताधारी दल के वरिष्ठ सदस्य अरविन्द हरिप्रिया, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार प्रकाश पटेल, आयोजक प्रभारी प्राचार्य रामचंद्र भैना, लोकेश्वर पटेल सहित कालेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में युवाओं को संबलए प्रेरणा और मार्गदर्शन दिए।


### खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** क्रीड़ा प्रोत्साहन योजनांतर्गत प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के पात्र खिलाड़ियों से खेलवृत्ति वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन 16 फरवरी कार्यालयीन समय तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि उक्त योजना अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति दी जाएगी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सीनियर वर्ग हेतु क्रमशः 75 हजार, 50 हजार, 40 हजार, जूनियर वर्ग हेतु क्रमशः 60 हजार, 40 हजार, 30 हजार तथा सब जूनियर वर्ग हेतु क्रमशः 50 हजार, 25 हजार, 20 हजार की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी।

## दोनों स्टेडियम के लिए शासन की ओर से दी गई है 945 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

# महापल्ली और पुसौर में बनेगा बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स स्टेडियम, विभाग ढूंढ रहा जमीन





### सेवा भूमि का चिंहाकन

महापल्ली में करीब डेढ़ एकड़ जमीन चिंहाकन किया गया है। जानकारी के अनुसार यह जमीन सेवा भूमि याने कोटवारी जमीन है। हालांकि यहां कोई कोटवार अभी नहीं है। वहां प्रभार में कोई कोटवार काम कर रहा है। दूसरी ओर कोटवार की जमीन सरकारी ही होती है। ऐसे में उसमें किसी तरह की दिक्कत नहीं आने की बात कही जा रही है। पुसौर में अभी जमीन का चिंहाकन नहीं हो सका है।

### खिलाड़ियों को मिलेगा फायदा

पूर्वांचल क्षेत्र के अधिकांश खिलाड़ी रायगढ़ में खेलने आते हैं। कारण एरिया में ऐसी सुविधा ही नहीं है। महापल्ली में एक मैदान जरुरी है, लेकिन उसमें भी अतिक्रमण होने की बात सामने आ रही है। पूर्व में इस मैदान को सर्व सुविधायुक्त बनाने के लिए प्रयास किया गया, लेकिन किसी कारण से नहीं हो सका। इसके लिए पूर्व में भी राशि विभाग को मिल गई थी, लेकिन काम नहीं हो सका। अब उम्मीद की जा रही है, ग्रामीणों को एक अच्छा स्टेडियम मिलेगा। इससे सैकड़ों खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूर्वांचल के खिलाड़ियों को अब रायगढ़ के खेल मैदानों के भरोसे रहना नहीं पड़ेगा। इस एरिया के खिलाड़ियों के लिए अब महापल्ली में अब बहुउद्देशीय स्पोर्टस स्टेडियम का निर्माण की तैयारी है। इसके अलावा पुसौर में भी बहुउद्देशीय स्पोर्टस स्टेडियम का निर्माण होगा। इसके लिए शासन की ओर से 945 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दे दी गई है। इसमें बहुउद्देशीय स्पोर्टस स्टेडियम महापल्ली के लिए 472.71 लाख और बहुउद्देशीय स्पोर्टस स्टेडियम पुसौर के लिए भी इतनी ही राशि स्वीकृति दी गई है। महापल्ली में तो इसके लिए जमीन चिंहाकन होने की बात भी कही जा रही है। पुसौर में जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन मिलने के बाद आगे का काम पीडब्ल्यूडी की ओर से चालू किया जाएगा।महापल्ली और पुसौर में सालों से सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम की मांग की जा रही थी। यह मांग अब पूरी होने वाली है। कारण शासन की ओर से बजट में प्रावधान करने के बाद इसकी प्रशासकीय स्वीकृति भी दे दी गई है। निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी में इसका आदेश भी आ चुका है। जानकारी के अनुसार इस स्टेडियम में इंडोर और आउटडोर गेम्स के लिए अलग -अलग मैदान तैयार किया जाएगा। पुसौर और महापल्ली दोनों जगहों पर एक ही डिजाइन में स्टेडियम का निर्माण होगा। हालांकि अभी इसमें क्या-क्या खेल के लिए मैदान तैयार किया जाएगा यह तय नहीं हो सका है। सोमवार को इसके लिए एक बैठक होगी। इसके बाद विभाग की ओर से इसका स्टीमेट तैयार कर शासन को टीएस तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजी जाएगी।

**खास बात**


- महापल्ली में जमीन मिलने की बात आ रही है सामने, पुसौर में तलाश

### ट्रक अनियंत्रित होकर नाली में गिरा, टला बड़ा हादसा

**हसौद ।** हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत मिलन चौक में शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे ईंट से लदा एक मिनी लोडिंग ट्रक बेकाबू होकर नाली में जा घुसा। घटना में चालक व आसपास मौजूद राहगीर बाल-बाल बचे। हालांकि सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल ट्रक की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई।

हसौद पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक चालक को अस्पताल में भर्ती कराया है और इस घटना की जांच में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीले रंग की ट्रक क्र. सीजी 11 बीएल 2162 ईंट लेकर धमनी की ओर जा रहा था तभी मिलन चौक के पास चालक को झपकी आ गई। जानकारी के मुताबिक चालक को मिर्गी का दौरा पड़ा जिससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक रिवर्स गियर में चला गया। पीछे की ओर बढ़ते हुए ट्रक मोबाइल दुकान के सामने स्थित नाली में जा फंसा, जिससे नाली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रक का टायर नाली में धंस गया। हादसे के दौरान वहीं खड़ी प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 एआर 6163 ट्रक के नीचे दब गई, जिससे बाइक को नुकसान पहुंचा। घटना के समय आसपास दुकानदार व राहगीर मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई ।

## शहर की सुंदरता को ग्रहण लगा रही है डस्ट की काली परतें



**रायगढ़।** डस्ट की काली परतें शहर के चौक-चौराहों की सुंदरता पर ग्रहण लगा रही है। ऐसे हालात में हर दिन निगम को यहां धुलाई करनी पड़ रही है। शनिवार को चक्रधर नगर चौक में बने डिवाइडरों पर जमी काली डस्ट को धुलाई करते वक्त पानी भी काली नजर आ रही थी। घर और घर के छतों पर भी इसी तरह की काली परतें हर दिन जमी रहती है।

## जिले में संचालित बैंकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, जांचने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में संचालित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए व्यापक औचक जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी थानाध्चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने.अपने क्षेत्र में स्थित बैंकों का भ्रमण कर सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच करें और किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। निर्देशों के पालन में राजपत्रित अधिकारियों सहित सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने मातहत बल के साथ बैंकों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अलार्म सिस्टम की उपलब्धता एवं उसकी कार्यशील स्थितिए बैंक में गार्ड की तैनाती तथा आर्म्स गार्ड होने की स्थिति में उनके शस्त्र, कारतूस एवं लाइसेंस की वैधता, चेस्ट व लॉकर की व्यवस्था, कैश लाने ले जाने के दौरान अपना, जा रहे सुरक्षात्मक उपाय, पार्किंग प्रबंधन, बैंक अधिकारियों के पास संबंधित थाना प्रभारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कंट्रोल रूम के संपर्क नंबर की उपलब्धता, बैंक के गेट.दरवाजों की सुरक्षा स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं उनके कवरेज एरिया, अग्निशमन व्यवस्था तथा आपातकालीन संपर्क नंबर जैसी सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से पड़ताल की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों एवं सुरक्षा गार्डों से चर्चा कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। साथ ही बैंक परिसरों के बाहर ठेले व दुकानदारों से संवाद कर उन्हें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 9479193299 अथवा सीधे थाना प्रभारी को देने के लिए जागरूक किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि समय समय पर बैंकों एवं एटीएम की जांच, बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक तथा जमीनी स्तर पर सुरक्षा ऑडिट के माध्यम से जिले की वित्तीय संस्थाओं को पूरी तरह सुरक्षित बनाना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बैंक सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित निरीक्षण के जरिए व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जाता रहेगा।

## 15 सालों से मनाया जा रहा रोजगार दिवस, हर महीने की 7 तारीख को कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





बीते 15 सालों से लगातार रोजगार दिवस मनाया जा रहा है। अब इसमें आवास और चावल दिवस को भी जोड़ दिया गया है। हर महीने की 7 तारीख को यह तीनों दिवस एक साथ मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण विकास को तकनीक, पारदर्शिता और जनभागीदारी से जोड़ते हुए शासन-प्रशासन और आम नागरिकों के बीच की दूरी को कम करना है। इसी उद्देश्य को लेकर शनिवार को जिले के सभी 550 ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। नौ हजार से अधिक ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए डिजिटल माध्यमों के जरिए अपने गांव के विकास कार्यों की जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त की। आयोजन का मुख्य आकर्षण डिजिटल सुशासन रहा। पंचायत परिसरों में उपलब्ध कराए गए क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ग्रामीणों के मोबाइल पर उनके गांव की एट अ ग्लांस रिपोर्ट खुल गई। इस रिपोर्ट में पिछले पांच वर्षों में मनरेगा के अंतर्गत हुए कार्यों का विस्तृत विवरण साथ ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध रही। इस दौरान अपने गांव के विकास कार्यों को पारदर्शी रूप से मोबाइल स्क्रीन पर देखकर ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास देखने को मिला।

### आजीविका डबरी से आय के नए अवसर

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से डबरी निर्माण के महत्व पर विशेष फोकस किया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि डबरी के माध्यम से जल संरक्षण, कृषि सिंचाई और मछली पालन जैसे कार्यों को बढ़ावा देकर ग्रामीण परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि संभव है। इसी क्रम में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए विशेष पम्पलेट वितरण किया गया, ताकि प्रत्येक ग्रामीण रोजगार और आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सके।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का अष्ठम् सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होने के फलस्वरूप विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जायेंगे। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेगे।

## धीरे-धीरे सामने आ रही कई तरह खामियां, किसी भी मजदूर का नहीं था बीमा

# अब श्रम विभाग भी करेगा कार्बन प्लांट हादसे की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खरसिया के बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन प्लांट में हुए हादसे के बाद कई तरह की गड़बड़ियां सामने आने लगी है। यहां किसी भी मजदूर का न तो बीमा था और न ही ईएसआईसी में रजिस्टर्ड। दूसरी ओर अब इसकी जांच श्रम विभाग भी करने जा रही है। जांच के बाद काफी कुछ अनियमितता सामने आने की बात कही जा रही है। खास बात यह है कि जिसके नाम पर प्लांट का लाइसेंस था, वो संचालक है ही नहीं। दूसरी ओर ईएसआईसी के अधिकारी कभी प्लांटों में जांच करने जाते ही नहीं है।

दो दिन पहले टायर गलाते समय विस्फोट हुआ तो एक दूधमुंही बच्ची समेत सात लोग गंभीर रुप से झुलस गए थे। जानकारी मिली है कि बानीपाथर में अविनाश गर्ग के नाम पर कार्बन प्लांट लगाने की अनुमति है। जहां टायर प्लांट लगा है उस जमीन का खसरा नंबर 538/1, 538/2 और 538/3 है। इसके वर्तमान भू-स्वामी महेश गर्ग पिता सुभाष गर्ग है और लाइसेंस अविनाश गर्ग के नाम है। जानकारी मिली है कि प्लांट का संचालन विमल करते हैं लेकिन नाम ट्रांसफर नहीं हो सका है। जितने भी मजदूर प्लांट में काम कर रहे थे, उनमें से किसी का भी बीमा नहीं कराया गया था। अब श्रम विभाग की जांच में क्या कुछ सामने आता है यह बाद में पता चलेगा।

### मजदूर की पत्नी बनी आवेदक

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के नियमों के तहत कार्रवाई हो रही है। पुलिस ने मजदूर साहेबलाल खड़िया की पत्नी आशा खड़िया को आवेदक बनाकर भी मुख्य प्रबंधक रुपेश शर्मा और मैनेजर प्रेमसागर त्रिपाठी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 125 (ए), 125 (बी), 287, 288, 289 और 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया है। हैरान करने वाली बात यह है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के रायगढ़ मैनेजर सभी प्लांटों में गुपचुप जांच करके निकल जाते हैं, वो यहां कभी नहीं गए। जानकारी मिली है कि जिंदल हॉस्पिटल में भर्ती एक अन्य मजदूर को भी शुक्रवार को रायपुर रेफर कर दिया गया है। अब केवल एक मजदूर का ही इलाज वहां हो रहा है।

### तो नहीं करा पाएंगे इलाज

मंगल कार्बन में किसी का भी बीमा नहीं करवाया गया था। ऐसे में यदि कंपनी जले मजदूरों का इलाज नहीं कराएगी तो परिवार को लोग इलाज ही नहीं करा पाएंगे। कारण यहां सरकारी के अलावा अन्य अस्पतालों में इलाज इतनी महंगी है कि लोग जा ही नहीं सकते। जानकारी मिली है कि इस प्लांट के मजदूर को प्रशिक्षित ही नहीं थे।

## कमीशन पर सट्टा लिखने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा, नकद भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में ऑनलाइन सट्टा, अवैध शराब एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुसौर पुलिस एवं कोतरारोड़ पुलिस द्वारा अलग.अलग स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए सट्टा पट्टी लिखने वाले तथा अवैध शराब कारोबारी को पकड़ा गया है। पुसौर पुलिस को सूचना मिली थी कि कृषि उपज मंडी पुसौर के पास निरंजन साव नामक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिख रहा है। सूचना पर पुसौर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने रायगढ़ के सट्टा खाईवाल पप्पू बरेठ के कहने पर सट्टा लिखना स्वीकार किया तथा बताया कि उसे इसके एवज में 5 प्रतिशत कमीशन मिलता है। आरोपी के मोबाइल की जांच करने पर व्हाट्सएप के माध्यम से पप्पू बरेठ को 28.520 का सट्टा हिसाब भेजना पाया गया। आरोपी के कब्जे से 700 नगद एवं एक विवो मोबाइल जप्त किया गया। आरोपी निरंजन साव तथा पप्पू बरेठ के विरुद्ध थाना पुसौर में धारा 6,क. 7.1 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपी निरंजन साव पिता बरतराम साव उम्र 58 वर्ष निवासी औरदा को रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रामकिंकर यादवए प्रधान आरक्षक योगेश उपाध्याय एवं आरक्षक धनुजय चंद बेहरा शामिल रहे।

# JGi THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL

(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)



# SHAPING MIND, BUILDING FUTURE

Welcome to The Jain International School, Bilaspur (C.G), where every child's educational journey begins with joy and discovery. We are excited to unfold Pathways prospective students to join our nurturing and vibrant community that Paves Path for a joyful and enriching educational journey there by laying the foundation for lifelong success.

## ADMISSIONS OPEN

**NURSERY TO IX & XI, (Session 2026-27)**



## SCHOLARSHIP OPPORTUNITY

UP TO **100%** SCHOLARSHIP

## TJIS ADVANTAGE

- US, UK and Australian College/ University Admission Assistance.
- Smart Classes
- Student Leadership Programme
- Medical Facility
- Central Dinning Hall for Nutritious Diet.
- Inter & Intra – School
- Technology Aided Learning
- Competitions
- Multi Disciplinary Sports & Games Facilities
- Club & Activities
- Domestic and Foreign Tours.
- Hobby Classes
- Teacher Student Ratio 1:30
- Guest Lectures
- 'MUN' (Model United Nations).
- Field Trips
- Inter Disciplinary Academic Rigour/ Approach

## AMENITIES:

- **Academic Excellence:** A consistent legacy of District & State Toppers.
- Dual Curriculum Advantage: **Affiliated with CBSE & Launching Cambridge International Education (IGCSE & ESOL).**
- Integrated Career Coaching: Specialized prep for **IIT-JEE, NEET, CLAT, NID, NATA, NIFT,CUET, LSAT, SLAT, CA, and CS** all under one roof.
- **Future-Ready Skills: DEDICATED AI, ROBOTICS, & CODING LAB.**
- **Mathematics and Digital Language Labs.**
- Advanced Sports Facilities: **Horse Riding, Archery, Taekwondo, Tennis Lawn, Skating, Cricket, Football, Swimming.**
- Excellent Boarding: **Fully Air-Conditioned Classrooms & Separate Boarding Houses for Boys & Girls.**
- Performing Arts Qualifications: **Trinity School of Music (London) & Bhatkhande Music Qualifications.**
- **NCC Air Squadron, Naval Wing, Weapon Training & Shooting Range.**
- **Art and Design Space.** • **Digital Library**
- **French as Foreign Language.**
- Security & Safety: **CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary**

## SPECIAL PRIVILEGE TO:

- Armed Forces/Police
  *Army *Navy *Air Force *CRPF *ITBP *BSF *SSB *CISF Personnel
- High Court Employees
- Bank Employees
- Railway Employees
- University/College Employees.

## SPECIAL ADMISSION BENEFITS

- Fee* Relaxation
- Priority Admission Support.
- Scholarship provision for meritorious

Concept & Design @ AdPRAYAS



Mugeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG)
+91 9584461666, 9584461668, 9993589494

Follow us

www.tjisedu.in
www.tjisedu.in/admission
entab.online/tjiscg)

For Admission scan this QR code


## खबर संक्षेप



### किसान समाज का जागरूकता शिविर

**सुंदरगढ़।** 550 कुणहा किसान समाज एवं नर्मदा गंगागुड़ी के संयुक्त तत्वावधान में तुमुलिया में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक चेतना को बढ़ावा देना, एकता को मजबूत करना तथा सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज को विकास की दिशा में आगे ले जाना रहा।
शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भवानी शंकर भोई ने समाज के भाई बहनों से संवाद स्थापित करते हुए शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूक नागरिक बनने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का मूल आधार जागरूकता होती है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग होता हैए तभी एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी आपसी सहयोग, युवा सहभागिता, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उपस्थित लोगों ने समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और जागरूकता को समाज की मजबूती का आधार बताया।

### राउरकेला में स्क्रैप गोदामों पर पुलिस की छापेमारी



**राउरकेला।** राउरकेला जिला पुलिस द्वारा शहर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में संचालित स्क्रैप कबाड़ गोदामों पर व्यापक छापेमारी अभियान बीते दो दिनों से चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में एक साथ की गई जहां पुलिस टीमों ने कई स्क्रैप गोदामों की जांच कर दस्तावेजों और संग्रहीत सामग्री का सत्यापन किया जा रहा है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ केस दर्ज किये जा चुके हैं कुछ प्रक्रियारत हैं वहीं साढ़े आठ टन की जब्ती की जा चुकी है व दो सौ टन की पड़ताल जारी है सहाल के दिनों में चोरी की लोहे की सामग्री, औद्योगिक कबाड़ और संदिग्ध स्रोतों से लाई गई धातुओं की खरीद बिक्री की शिकायतें सामने आने के बाद यह अभियान शुरू किया गया। छापेमारी के दौरान गोदाम संचालकों से खरीद बिक्री से संबंधित रजिस्टर, बिल और वैध लाइसेंस की जांच की गई। कई स्थानों पर दस्तावेजों में अनियमितता पाए जाने की भी जानकारी मिली है, जिसकी जांच जारी है।

## संभाग की पहली नवाचारी सिंचाई परियोजना का कार्य पूर्ण

# बिना बिजली और डीजल होगी 100 एकड़ खेतों में सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नवाचार आधारित सिंचाई व्यवस्था को सशक्त करते हुए पोंगरो एनीकट हइड्रो पावर आधारित पम्पिंग योजना अब पूर्ण हो चुकी है। सरगुजा संभाग की यह पहली योजना विकासखंड कांसाबेल के ग्राम पंचायत पोंगरो में घुघरी नदी पर निर्मित की गई है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूर्णतः शून्य कार्बन उत्सर्जन पर आधारित है।

योजना में किसी भी प्रकार की पारंपरिक ऊर्जा जैसे बिजली, डीजल, पेट्रोल या सौर ऊर्जा का उपयोग नहीं किया गया है। केवल नदी के जल प्रवाह से उत्पन्न हाइड्रो पावर के माध्यम से टरबाइन चलाकर पानी का उद्वहन किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विगत दिवस इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निरीक्षण अध्यक्ष जिला पंचायत सालिक साय एवं कलेक्टर रोहित व्यास ने किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि, परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शीघ्र ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा इसका लोकार्पण प्रस्तावित है।



### किसानों को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ

इस अभिनव परियोजना से लगभग 100 एकड़ रबी एवं 40 एकड़ ग्रीष्मकालीन जायद फसल क्षेत्र को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे करीब 50 परिवार लाभान्वित होंगे। खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पक्की सिंचाई नहरों एवं नालियों का निर्माण भी किया गया है, जिससे जल का समुचित वितरण सुनिश्चित हो सके। 2 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से निर्मित यह योजना जिला प्रशासन जशपुर द्वारा जिला खनिज न्यास निधि, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम तथा जल संसाधन संभाग जशपुर के तकनीकी अभिसरण से पूर्ण की गई है।

### हरित विकास की दिशा में मील का पत्थर

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने इसे किसानों के लिए दीर्घकालिक लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल परियोजना बताया। उन्होंने कहा कि, यह योजना भविष्य में प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक मॉडल के रूप में कार्य करेगी। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित लोकार्पण के पश्चात यह परियोजना जशपुर जिले में सतत कृषि एवं हरित विकास की नई पहचान बनेगी।

### हाइड्रो पावर से संचालित अभिनव सिंचाई योजना

इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के डॉ पुनीत सिंह द्वारा तकनीकी परामर्श प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट के कार्य को तेजी से पूर्ण किया गया। यह योजना आधुनिक विज्ञान और स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। योजना अंतर्गत पूर्व निर्मित एनीकट से लगभग 100 मीटर डाउनस्ट्रीम में प्लेटफॉर्म बनाकर एक टरबाइन पम्प स्थापित किया गया है। इस पम्प के माध्यम से नदी तल से लगभग 12 मीटर ऊंचाई तक तथा 200 मीटर दूर निर्मित वितरण टंकी में अधिकतम 17 लीटर प्रति सेकंड की दर से पानी भरा जाता है। इससे रबी एवं ग्रीष्म फसलों के लिए निरंतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

## सरसीवा में शासकीय कॉलेज के लिए 16 किमी तक पैदल मार्च




**सारंगढ़।** सरसीवा के शासकीय महाविद्यालय को दूरस्थ ग्राम धोबनी में स्थानांतरित किए जाने के विरोध में आज पूरा क्षेत्र आंदोलन की लपटों में दिखा। बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के नेतृत्व में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सरसीवा नगर से जिला मुख्यालय तक 16 किलोमीटर लंबी पदयात्रा शुरू की। हाथों में तख्तियां जुबान पर नारे और आंखों में क्षेत्र के बच्चों के भविष्य की चिंता लिए प्रदर्शनकारी शिक्षा के अधिकार की आवाज बनकर सड़क पर उतरे। हालांकि कलेक्ट्रेट पहुंचने से पूर्व ही पुलिस ने मार्च को रोक दियाए लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की मांगें सुनीं। धरना स्थल पर माहौल गंभीर और संकल्प से भरा रहा।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को याद दिलाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरसीवा नगर में शासकीय महाविद्यालय खोलने की विधिवत घोषणा की गई थी। सरसीवा के लिए न सिर्फ घोषणा हुई] बल्कि स्थान चयन और प्रक्रियागत औपचारिकताएं भी पूरी की जा चुकी थीं। इसके बावजूद अब उसी कॉलेज को 15 से 20 किलोमीटर दूर धोबनी में खोलने की तैयारी ने जनता को आंदोलित कर दिया है। विधायक कविता प्राण लहरे ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी गांव के विरोध में नहीं है। हम धोबनी के खिलाफ नहीं हैं लेकिन सरसीवा नगर है। यहां सड़क, परिवहन के सुगम साधन, बाजार और शैक्षणिक वातावरण मौजूद है। सरसींवा चारो ओर से एक केंद्र बिंदु के रूप में स्थित है। अगर कॉलेज सरसीवा में खुलेगा तो छात्रों को आवागमन, सुरक्षा और आर्थिक बोझ जैसी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि शासन धोबनी में कॉलेज खोलना चाहती है, तो वहां अलग से नया महाविद्यालय खोले, लेकिन सरसीवा का हक न छीने।

## 50 लाख रुपए की अफीम की फसल नष्ट

**राउरकेला।** अवैध मादक पदार्थों की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कोईड़ा पुलिस ने आबकारी विभाग के साथ संयुक्त अभियान में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से उगाई गई लगभग 50 लाख रुपए मूल्य की अफीम की फसल को नष्ट कर दिया।

यह अवैध अफीम की खेती कुसुमडिही जंगल क्षेत्र में पाई गई, जहां पौधों में फूल आ चुके थे, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि फसल कटाई के लिए तैयार थी। पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के छापेमारी कर पूरी फसल को उखाड़ दिया। सूत्रों के अनुसार यह अब तक



ओडिशा में सामने आई अवैध अफीम की खेती का सबसे बड़ा मामला माना जा रहा है। गौरतलब है कि बोनाई उप मंडल के कुछ हिस्सों में लंबे समय से अवैध मादक फसलों की खेती की खबरें मिलती रही हैं। कुछ दिन पहले भी बोनाई क्षेत्र में इसी तरह की अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया था। कोईड़ा में हुई इस ताजा कार्रवाई ने सुंदरगढ़ जिले में मादक पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ते खतरे को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। प्रशासन ने अवैध खेती में शामिल लोगों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

### जिले के 12 युवाओं का अर्धसैनिक बलों में चयन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान ने फिर से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ष 2025 में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कांस्टेबल जनरल ड्यूटी परीक्षा के माध्यम से संस्थान के कुल 12 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न अर्धसैनिक बलों में हुआ है। संस्थान की प्राचार्य दुर्गेश्वरी सिंह ने बताया कि, एसएससी जीडी की लिखित परीक्षा फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित की गई थी, जिसमें नव संकल्प शिक्षण संस्थान के 36 छात्र सफल हुए थे। इसके पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं मेडिकल परीक्षण नवंबर-दिसंबर 2025 में सम्पन्न हुए।

## पिकनिक स्थलों के आसपास बढ़ा जंगली हाथियों उपद्रव

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के विभिन्न पिकनिक स्थलों के आसपास इन दिनों जंगली हाथियों की लगातार आवाजाही देखी जा रही है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल बन गया है। जंगल से सटे इलाकों में हाथियों की बढ़ती गतिविधियों ने पिकनिक मनाने की योजना बना रहे लोगों को सतर्क रहने का स्पष्ट संकेत दे दिया है।

हाल ही में देवधर पिकनिक स्पॉट पर उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक जंगली हाथी अचानक वहां पहुंच गया। पिकनिक मना रहे लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने सूझबूझ और सतर्कता का



परिचय दिया और हाथी को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर खदेड़ दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वन विभाग के अनुसार, जंगल क्षेत्र के नजदीक स्थित पिकनिक स्थलों पर जंगली जानवर अक्सर भोजन और पानी की तलाश में पहुंच जाते हैं। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। विशेष रूप से हाथी जैसे विशाल और संवेदनशील वन्यजीवों के साथ टकराव जानलेवा साबित हो सकता है।

## 12 फरवरी के भारत बंद को सफल बनाने बैठक

**बोनई।** बोनई में 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी भारत बंद को सफल बनाने के उद्देश्य से आज विधायक लक्ष्मण मुंडा के नेतृत्व में एक कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बंद को प्रभावी बनाने के लिए संगठनात्मक तैयारियों, जनसंपर्क अभियान और व्यापक जनसमर्थन जुटाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक लक्ष्मण मुंडा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भारत बंद में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बंद के उद्देश्यों को आम जनता तक पहुंचाना आवश्यक है, ताकि लोग इसकी पृष्ठभूमि और मांगों को समझ



सकें। उन्होंने विरोध के प्रतीक के रूप में उस दिन उद्योगों, कारखानों, खदानों, सरकारी कार्यालयों और अन्य प्रतिष्ठानों को बंद रखने की अपील भी की। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से प्रमुख मार्गों पर शांतिपूर्ण ढंग से सड़क अवरोध कर बंद को सफल बनाने में सहयोग करने का अनुरोध किया गया।




### पुलिस का नशे पर बड़ा प्रहार, 52 किलो गांजा सहित कार जब्त



**जशपुरनगर।** जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। चौकी आरा क्षेत्र के बोरोझरिया जंगल में घेराबंदी कर पुलिस ने क्रेटा कार से 52 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरा आरोपी जंगल का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस ने गांजे की कीमत करीब 5 लाख और वाहन की कीमत लगभग 15 लाख रुपए आंकी है। कुल मिलाकर 20 लाख रुपए की जब्ती की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि उड़ीसा से गांजे की बड़ी खेप जशपुर लाई जा रही है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और टीम बनाकर काशीबंध-बीरोपानी के जंगल मार्ग पर नाकाबंदी की गई। संदिग्ध क्रेटा कार दिखते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया। कार्रवाई की तीव्रता के कारण तस्करों को संभलने का मौका नहीं मिला। हालांकि एक आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया।फरार तस्कर की पहचान- पुलिस ने बताया कि भागने वाले तीसरे आरोपी की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि वह भी जल्द सलाखों के पीछे होगा।
एसपी का साफ संदेश- जिले के पुलिस कप्तान ने दो टूक कहा है कि नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने लिया विवाह कार्यक्रम स्थल का जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना से जिला स्तर पर वर वधुओं के विवाह की तैयारी के लिए कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में आगामी सप्ताह में किया जाना निर्धारित है। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी उत्तम प्रसाद को समारोह की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार प्रकाश पटेल उपस्थित थे।

### 14 मार्च को होगा नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में वर्ष 2026 का पहला नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग, समस्त बैंको आदि से संपर्क कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मेन्टेनेन्स धारा के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है।

### योग समिति की हुई एक दिवसीय बैठक

**तमनार।** महिला पतंजलि योग समिति जिला रायगढ़ की बैठक महिला पतंजलि की राज्य प्रभारी जया मिश्रा दीदी की अध्यक्षता में 5 फरवरी को ओजस योग मंदिर में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ पार्षद पूनम सोलंकी विशिष्ट अतिथि के रूप में गंगा अग्रवाल सहायक राज्य प्रभारी, गीतांजलि पटनायक राज्य सोशल मीडिया प्रभारी, श्रेया अग्रवाल राज्य कार्यकारिणी सदस्य, शोभा शर्मा रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन से किया गया। तत्पश्चात वेद मंत्र के साथ दीप प्रज्वलन किया गया, तत्पश्चात योगाभ्यास कराया गया एवं योगाभ्यास के पश्चात राज्य प्रभारी जया मिश्रा के द्वारा महिला महा सम्मेलन में साध्वी देवप्रिया दीदी के आगमन के लिए जिला प्रभारी एवं समस्त तहसील प्रभारी एवं योग शिक्षिकाओं की बैठक ली गई। एक दिवसीय बैठक में उपस्थित रायगढ़ जिले के योग शिक्षकों को संबोधित करते हुए राज्य प्रभारी जया मिश्रा ने 9 मई को महिला महा सम्मेलन में साध्वी देव प्रिया दीदी के आगमन पर किए जाने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। गंगा अग्रवाल ने भी सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह महासम्मेलन छोटा सम्मेलन नहीं है इसमें पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के समस्त तहसीलों की महिलाएं शामिल होगी।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 12 से

**रायगढ़।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकतम रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेले 12 से 17 फरवरी तक प्रदेश के विभिन्न संभागों में आयोजित किए जाएंगे।इन मेलों में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। संभाग स्तरीय रोजगार मेला में भाग लेने के इच्छुक आवेदक ई रोजगार पोर्टल अथवा छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अपना पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं। पंजीकृत अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में साक्षात्कार एवं चयन की सुविधा मिलेगी।

## केन्द्रीकृत परीक्षा व्यवस्था को लेकर अशासकीय शालाओं की समीक्षा बैठक

# एनसीईआरटी के अलावा अन्य पाठ्यपुस्तकों से पढ़ाई कराई तो होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा के आयोजन एवं उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन संबंधी जारी दिशा निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की केन्द्रीकृत परीक्षा में राज्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता अनिवार्य होगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार पांचवीं की परीक्षा 16 और आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से चालू होगी। परीक्षा संचालन की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है।

समीक्षा बैठक में सभी अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध विद्यालयों में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त पुस्तकों से तथा सीबीएसई व अन्य बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों से ही अध्यापन किया जाएगा। अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों से पढ़ाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, किसी भी विद्यालय द्वारा पालकों को किसी एक दुकान से पुस्तक, कॉपी, ड्रेस या अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और न ही स्कूल परिसर में इन वस्तुओं का विक्रय किया जाएगा।

शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित स्कूल पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए इस वर्ष जिले के लिए कक्षा 10वीं में 85 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत परिणाम का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्री बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्रों के लिए विशेष मेंटर नियुक्त कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मेरिट सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर परीक्षा नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, शाखा प्रभारी लोकेश गुप्ता, सेंट जेवियर स्कूल के प्राचार्य सहित जिले के अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।





बैठक में स्कूलों के शिक्षकों को जानकारी देते अधिकारी।



## बरमकेला कॉलेज भवन के स्थान चयन को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला में शासकीय महाविद्यालय के नए भवन के स्थान चयन को लेकर विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। बार बार मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद अब तक इस मुद्दे का कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। बरमकेला कॉलेज को संडा ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने से जुड़ा हुआ है जिसका स्थानीय नागरिकों, छात्रों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है।

■ ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थानांतरित करने की चल रही है तैयारी

पूर्व में महाविद्यालय भवन के लिए बरमकेला नगर क्षेत्र में वर्तमान कॉलेज परिसर एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के समीप इंद्रप्रस्थ स्टेडियम के पीछे भूमि का चयन किया गया था। इसी दौरान बिना किसी स्पष्ट आदेश के सैकड़ों पेड़ों की कटाई कर दी गई। अब स्थान बदले जाने की तैयारी से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब पेड़ काटे जा चुके हैं तो कॉलेज का निर्माण उसी स्थान पर होना न्यायसंगत है। नए निर्माण स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर देशी एवं विदेशी शराब की दुकानें स्थित हैं जो किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए अनुचित मानी जाती हैं और इससे छात्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। निर्माण स्थल के समीप बीज निगम, वेयरहाउस एवं कृषि उपज मंडी स्थित हैं, जिसके कारण भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है। इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है और छात्रों की सुरक्षा प्रभावित होती है। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को बस, साइकिल अथवा पैदल चलकर कॉलेज पहुँचने में अत्यधिक परेशानी होगी, क्योंकि यह स्थल नगर क्षेत्र से काफी दूर स्थित है। इस अभियान में महाविद्यालय एवं विद्यालयों के छात्र छात्राओं के साथ साथ यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। अभियान में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद अभिनव पुजारी, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. बिहारी लाल साहू, नीलकंठ साहू, गोपीचंद यादव, नोबेल पटेल, धर्मेंद्र चौहान, सत्या निषाद, राजेश चौहान, ठाकुर चरण राणा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अभिनव पुजारी ने कहा किए बरमकेला में सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध होने के बावजूद कॉलेज को शराब दुकान के पास ले जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है।

### परिवहन सुविधाओं का अभाव

प्रस्तावित स्थल तक सार्वजनिक परिवहन की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे विद्यार्थियों को नियमित रूप से समय पर कॉलेज पहुँचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। निर्माण स्थल के आसपास मरघट एवं शव विच्छेदन गृह पोस्टमार्टम हाउस स्थित है, जिसे सामाजिक एवं मानसिक दृष्टि से शैक्षणिक संस्थान के लिए उपयुक्त नहीं माना जा रहा है।

## प्रतिमा बनी बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष

**कटेली।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। इसमें प्रतिमा बरिहा को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह के निर्देशानुसार की गई है। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल की सहमति से जिला अध्यक्ष नारायण बरिहा द्वारा जिला कार्यसमिति घोषित की गई। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। अनुसूचित जनजाति समाज के अधिकार, सम्मान और विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूंगी। साथ ही भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## प्रेस क्लब छाल ने विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को किया सम्मानित

**छाल।** रायगढ़ जिले के छाल क्षेत्र में प्रेस क्लब छाल के तत्वावधान में शनिवार को पत्रकार सम्मेलन एवं उत्कृष्ट कार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प वर्षा के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों की एकजुटता और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राधेश्याम राठिया एवं धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सांसद श्री राठिया ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं, जो विषम परिस्थितियों में भी जनहित के मुद्दों को शासन प्रशासन तक पहुँचाते हैं। वहीं विधायक लालजीत राठिया ने प्रेस क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए पत्रकारों को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताया। व क्षेत्र के पत्रकारों के लिए सौगात देते हुए भवन निर्माण की घोषणा की। जहाँ सांसद राठिया ने भी अपने उद्बोधन में भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान करने की बात कही समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी राठिया, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी, बीडीसी संतराम खूंटे छाल उप सरपंच अशोक पांडेय उपस्थित रहे।




## 10 से 25 तक चलाया जाएगा हाथीपांव उन्मूलन अभियान

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. कन्नौजे और सीएमएचओ डॉ निराला ने फायइलेरिया की जानकारी दी। यह एक संक्रामक बीमारी है जो मच्छरों के काटने में फैलती है। इसे सामान्य भाषा में हाथीपाँव भी कहा जाता है। बीमारी कैसे फैलती है संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तो शरीर में फाइलेरिया के सूक्स कीटाणु माइक्रो फाइलेरिया छोड देता है। क्या फाइलेरिया वंशानुगत है जी नहीं, यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में केवल मच्छर के काटने से फैलता है, यह जन्मजात या आनुवंशिक नहीं है।

लक्षण शुरुआत में बुखार, बदन में खुजली, या अंगों में सूजन हो सकती है। लंबे समय बाद हाथ, पैर या अंडकोष में भारी सूजन आ जाती है। संक्रमित व्यक्ति को तुरंत पता चल जाता है नहीं। इसके कीटाणु शरीर में 5 में 15 साल तक बिना किसी बड़े लक्षण के रह सकते हैं। जब लक्षण दिखते हैं, तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। सामुहिक दवा वितरण अभियान, जिनमें सरकार प्रभावित क्षेत्रों में पूरी आबादी को फाइलेरिया बचाव की मुफ्त दवा खिलाती है।



आमतौर पर यह दवा किसे खानी चाहिए 2 वर्ष से अधिक आयु के सभी स्वस्थ व्यक्तियों को यह दवा खानी चाहिए। किसे यह दवा नहीं खानी चाहिए। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे। गर्भवती महिलाएं अति वृद्ध और बहुत अधिक बीमार व्यक्ति को। क्या खाली पेट दवा खा सकते हैं। नहीं यह दवा हमेशा कुछ खाने के बाद ही लेनी चाहिए। फाइलेरिया याने हाथीपांव की बीमारी एक परजीवी के कारण होता है जिसे मादा क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा फैलाया जाता है। हाथीपांव की बीमारी के परजीवी जब सूक्ष्म रूप में होता है तभी उसे नष्ट कर सकते है। जवान होने की स्थिति में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता।

## संगठन की मजबूती के लिए बैठक में तय हुई रणनीति

**बिलाईगढ़।** कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन ने बैठक को संबोधित करते हुए मनरेगा बचाओ कार्यक्रम को निरंतर जारी रखने तथा आम नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे की उपस्थिति रही। विधायक का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उनके आगमन से कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से रामनारायण भट्ट, नेमीचंद केशवानी समेत अन्य मौजूद रहे।



## एसआईआर कार्यक्रम में चंद्रपुर विधानसभा दूसरे स्थान पर

**चंद्रपुर।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 चंद्रपुर ने छत्तीसगढ़ राज्य में दूसरा स्थान हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। इस सफलता के उपलक्ष्य में डभरा के स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नपं चंद्रपुर के सीएमओ एईआरओ अनिल कुमार सोनवानी को नगरीय क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। एसडीएम विनय कश्यप एवं जिला निर्वाचन शाखा की टीम ने उन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। सम्मान समारोह में बताया गया कि एसआईआर अभियान के दौरान




■ सीएमओ को मिला उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

चंद्रपुर नपं ने घर घर सर्वे नए मतदाताओं का पंजीयन, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन, आधार सीडिंग तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में सराहनीय कार्य किया। विशेषकर युवाओं और पहली बार मतदान करने वालों को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया, जिससे क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ा। एसडीएम विनय कश्यप ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक अधिकारी की नहीं, बल्कि पूरी प्रशासनिक टीमए बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ नगर पंचायत कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी इसी गति से कार्य करने की अपील की। वहीं सम्मान प्राप्त करने के बाद सीएमओ अनिल कुमार सोनवानी ने कहा कि यह सम्मान नगर पंचायत की पूरी टीम का है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में भी चंद्रपुर नगर पंचायत पूर्ण पारदर्शिता, सजगता और सक्रियता के साथ कार्य करेगी।

## चंद्रपुर के खिलाड़ियों का असम में जलवा, जीते 10 मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

असम के धेमाजी डिब्रूगढ़ में 30 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित 6 वीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में चंद्रपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का मान बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी शामिल हुए, जिनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चंद्रपुर के योग खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रशिक्षण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और कुल 10 पदक हासिल कर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया।

टीम के कोच शोभा कुमार आनंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम ने इस प्रतियोगिता में कुल 10 पदक जीते, जिनमें 2 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज शामिल हैं। विशेष रूप से गर्व की बात यह है कि इनमें से 9 पदक अकेले सक्ती जिले के खिलाड़ियों ने प्राप्त किए, जो जिले में योग प्रशिक्षण के उच्च स्तर को दर्शाता है। सिल्वर मेडल में आर्टिस्टिक पेयर जूनियर गर्ल्स वर्ग में प्रियांशी केसरवानी और लीना पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता और विद्यालय का नाम रोशन किया। ब्रॉन्ज मेडल में आर्टिस्टिक ग्रुप जूनियर गर्ल्स वर्ग में ऐशु पटेलए लीना पटेल, नयना पटेल, प्रियांशी केसरवानी और हर्षिता गोस्वामी की टीम ने शानदार सामूहिक प्रस्तुति देकर कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी तरह आर्टिस्टिक पेयर सब.जूनियर बॉयज वर्ग में नीतीश कुमार मेहर और अविनाश दुवान ने भी कांस्य पदक हासिल किया। ट्रेडिशनल योगासन सीनियर गर्ल्स वर्ग में प्रियंका देवांगन ने अपनी सटीक और संतुलित प्रस्तुति से ब्रॉन्ज मेडल जीता। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से कुल 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें केतन देवांगन, रौनक सिंह उरांव, सुबोध राज, खुशी वैष्णव, अंकिता मालाकार, कुलदीपिका, तन्मय, लीना पटेल, प्रियांशी केसरवानी, नयना पटेल, दीक्षा, अंतरा, नीतीश कुमार मेहर, अविनाश दुवान, हर्षिता गोस्वामी और ऐशु पटेल सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम के प्रभारी के रूप में अशोक कुमार सेन और डी. के सर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।



## बरगढ़ हाटपड़ा इलाके में गुटीय संघर्ष, 2 की मौत

**बरगढ़।** बरगढ़ के हाटपड़ा साई मंदिर के पास गुटीय संघर्ष में दो लोगों की मौत हो गई। किसी एक घटना को लेकर दो समूहों के बीच पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला हिंसक झड़प में बदल गया। भुजाली धारदार हथियार से हुए हमले में दो लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान प्रदीप लुहा और सुरज बारिक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कॉलेज रोड निवासी 24 वर्षीय प्रदीप लुहा और सुरज को गंभीर हालत में बरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। उनकी हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे उन्हें जिला मुख्य अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों के सिर, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने भुजाली से हमला करने वालों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।







